nRi/B N 925 973

[ 27/7/2022]

प्रश्न सं. [ क. 973 ]

परिशिष्ट "ग"

# कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़ म.प्र.

क्रमांक/ 1026 /स्टेनो/2022 नरसिंहगढ़, दिनांक 04/05/2022

प्रति,

कलेक्टर महोदय,
जिला- राजगढ़ (म.प्र.)

विषय :- विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 3288 - जाति प्रमाण पत्र की जांच।

संदर्भ :- आपके कार्यालय का पृष्ठांकन क्रमांक/991/ओबीसी/2022 राजगढ़, दिनांक 28/02/2022

---00---

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पृष्ठांकन के माध्यम से प्राप्त विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 3288 के बिन्दु क्रमांक "ग" में उल्लेख अनुसार नरेन्द्र सिंह पिता उमराव सिंह, निवासी ग्राम हुलखेड़ी को जारी जाति प्रमाण पत्र के संबंध में संबंधित व्यक्ति एवं अधिकारियों की शासन स्तर से जांच कर संबंधित दोषियों के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराने के संबंध में इस कार्यालय के आदेश क्रमांक/483/स्टेनो /2022 नरसिंहगढ़, दिनांक 02/03/2022 के द्वारा तहसीलदार नरसिंहगढ़ के अधीन एक जांच दल गठित किया जाकर प्रारंभिक जांच कराई गई। गठित जाच दल द्वारा दिनांक 02/05/2022 जांच उपरांत प्रतिवेदित किया गया कि अनावेदक ने ग्राम पंचायत हुलखेड़ी के सरपंच पद के निर्वाचन में दो बार जाति प्रमाण पत्र हासिल किये है। एक बार वर्ष 2009 मे जब ग्राम पंचायत हुलखेड़ी पिछड़ावर्ग के लिये आरक्षित थी तब अनावेदक ने बौद्ध धर्म को अपनाकर नव बौद्ध धर्म पिछड़े वर्ग का प्रमाण पत्र हासिल किया। तथा दूसरी बार जब ग्राम पंचायत हुलखेड़ी अनुसूचित जाति वर्ग के लिये आरक्षित थी तब अनावेदक ने बिना कानूनन हिन्दू धर्म को अपनाएं सांसी जाति हिन्दू धर्म के आधार पर वर्ष 2004 में अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र हासिल किया है। अनावेदक द्वारा अपना मूल हिन्दू धर्म बदलकर बौद्ध धर्म को अपनाना और फिर हिन्दू धर्म के आधार पर जाति प्रमाण पत्र हासिल कर सरपंच पद का चुनाव लड़ना इस बात का द्योतक है कि अनावेदक ने केवल सरपंच पद के निर्वाचन का लाभ उठाने के लिये गलत आधारों पर जाति प्रमाण पत्र हासिल करने का एक सुनियोजित कुचक्र किया है।

अतः जांच दल से प्राप्त प्रतिवेदन एवं मूल नस्ती आपकी ओर प्रेषित की जाकर अनुरोध है कि उक्त जारी जाति प्रमाण पत्रों के संबंध में जिला स्तरीय सक्षम अधिकारियों का जांच दल गठित किया जाकर विस्तृत जांच कराई जाना उचित होगा।

संलग्न - मूल नस्ती

पृ.क्र. ... 115

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) नरसिंहगढ़

कार्यालय कलेक्टर राजगढ़
राजगढ़ ...
... 10 JUN 2022

प्रेषक ... कलेक्टर

110
14/6/22

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

STENO